# पनामा नहर पर जलवायु परविर्तन का प्रभाव

## प्रलिमि्स के लयि:

[पनामा नहर](), गैटुन झील, [GDP](), [पनामा स्थलसंधि](), [टेक्टॉनकि/ववरि्तनकि प्लेट्स](), [वाष्पीकरण](), [आर्द्रता](), [वर्षा](), [शैवाल ब्लूम](), [महासागरीय धाराएँ](), [मैंग्रोव](), [ड्रपि सचािई]।

## मेन्स के लयि:

जल संसाधनों और शमन रणनीतियों पर जलवायु परविर्तन का प्रभाव।

[स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस]()

## चर्चा में क्यों?

एक महत्त्वपूर्ण **वैश्वकि शपिगि मार्ग**– [पनामा नहर](), **जलवायु परविर्तन एवं दीर्घकालीन अनावृष्ट** की स्थतिकि कारण चुनौतयिों का सामना कर रही है।

- इस स्थतिकि कारण गैटुन झील में जल स्तर कम हो गया है, जसिसे **पनामा नहर के संचालन को बनाए रखने के लयि दीर्घकालकि समाधानों** के बारे में चर्चाएँ शुरू हो गई हैं।

## पनामा नहर पर जलवायु परविर्तन का क्या प्रभाव है?

- **अनावृष्टऔिर जहाज़ों का कम आवागमन:** पनामा नहर में लंबे समय से [अनावृष्ट]() की स्थतिबिनी हुई है, जो वर्ष 2023 के प्रारंभ में शुरू हुई थी।
  - अक्तूबर 2023 में **बारशि औसत से 43% कम** रही, जसिसे यह 1950 के दशक के बाद, सबसे शुष्क महीने के रूप में दर्ज हुआ।
  - गैटुन झील में कम जल स्तर के कारण दसिंबर 2023 में नहर के माध्यम से **नौवहन** सामान्य प्रतदिनि 36 - 38 जहाज़ों से **घटकर 22 जहाज़ों तक** रह गया।
- **जहाज़ों के आकार पर प्रतबिंध: कम जल स्तर** के कारण नहर से गुजरने वाले जहाज़ों के आकार को सीमति करना पड़ता है क्योंकि बड़े,**भारी जहाज़ों के उथले जल में फँसने का अधकि जोखमि** होता है।
  - बड़े जहाज़ों के लयि झील/जल नकिाय में अधकि जल की आवश्यकता होती है।
- **वैश्वकि व्यापार पर प्रभाव: वैश्वकि शपिगि का 5% हस्सिा पनामा नहर से** होता है, इसलयि यहाँ होने वाले व्यवधान वशि्व भर की आपूर्ति शृंखला को प्रभावति करते हैं, जसिके परणािमस्वरूप शपिमेंट में वलिंब एवं ईंधन का अधकि प्रयोग होने के साथ [GDP को नुकसान]() होता है।
  - जहाज़ों को लंबा मार्ग तय करने के लयि मजबूर होना पड़ता है, अर्थात् दक्षणि अमेरकिा के दक्षणिी छोर तक यात्रा करनी पड़ती है।

## पनामा नहर के संदर्भ में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **पनामा नहर:**
  - यह पनामा में 82 कलिोमीटर लंबा एक **कृत्रमि** जलमार्ग है जो [अटलांटकि महासागर]() **को** [प्रशांत महासागर]() से जोड़ता है।
    - यह समुद्री व्यापार के लयि एक मार्ग है।
  - इससे **न्यूयॉर्क और सैन फ्राँसस्किो के बीच की यात्रा** में लगभग 12,600 कलिोमीटर की कमी आती है।
  - **पहला जहाज़ 15 अगस्त 1914 को** पनामा नहर से गुजरा था।
- **पनामा नहर का कार्य:**
  - यह एक परष्किृत, उच्च-इंजीनयिरगि प्रणाली है जो जहाज़ों को एक छोर से दूसरे छोर तक ले जाने के लयि **लॉक एंड एलीवेटर** प्रणाली का उपयोग करती है।
    - ऐसा इसलयि आवश्यक है क्योंकि **पनामा नहर जनि दो महासागरों को जोड़ती है वे समान ऊँचाई पर स्थति नहीं हैं** तथा प्रशांत महासागर अटलांटकि महासागर से थोड़ा ऊँचा है।
  - अटलांटकि से नहर में प्रवेश करने वाले **जहाज़ को प्रशांत महासागर की ओर जाते समय ऊँचाई हासलि करनी होती है।** यह **लॉक**

**सिस्टम** का उपयोग करके पूरा किया जाता है जो नहर के प्रत्येक छोर पर जहाज़ों को आवश्यक समुद्र स्तर तक ऊपर और नीचे करता है।

- लॉक्स में या तो **जल भर दिया जाता है (ऊँचाई बढ़ाने के लिये) या जल निकाल दिया जाता है (ऊँचाई कम करने के लिये)** जो **उत्थापक/एलीवेटर** का कार्य करते हैं।
    - कुल मिलाकर इस प्रणाली में **12 लॉक्स शामिल** हैं, जिनकी देखभाल कृत्रिम झीलों और चैनलों के माध्यम से की जाती है।

//



दृष्टि The Vision

## पनामा स्थलसंधि

- स्थलसंधि **भूमि की एक संकरी पट्टी होती है जो दो बड़े भू-भागों को जोड़ने के साथ दो जल निकायों को अलग करती है।**
  - ये स्थलीय और जलीय व्यापार मार्गों को जोड़ने वाले **बंदरगाहों एवं नहरों** के लिये प्राकृतिक स्थल हैं।
- पनामा स्थलसंधि उत्तर और दक्षिण अमेरिकी महाद्वीपों को जोड़ती है और प्रशांत तथा अटलांटिक महासागरों को अलग करती है।
- **कैरेबियन टेक्टोनिक प्लेट** के **उत्तर एवं दक्षिण अमेरिकी प्लेटों** के बीच क्षेपण से इसका निर्माण हुआ। इस प्रक्रिया की परिणामी टेक्टोनिक गतिविधियों से सागर नितल में उभार आया।

**नोट:**

- जलडमरूमध्य, दो भू-भागों के बीच का एक संकीर्ण जलमार्ग है जिसके माध्यम से दो बड़े जल निकाय जुड़ते हैं। जैसे **जिब्राल्टर जलडमरूमध्य** द्वारा **भूमध्य सागर** एवं **अटलांटिक महासागर** को जोड़ा गया है।
- **जलडमरूमध्य महत्त्वपूर्ण परिवहन मार्ग होते** हैं क्योंकि ये जहाज़ों को एक जल निकाय से दूसरे जल निकाय में जाने की सुविधा प्रदान करते हैं।




## विश्व की अन्य महत्त्वपूर्ण नहरें (Canals) कौन-सी हैं?

- **स्वेज नहर:** यह नहर **स्वेज की खाड़ी** एवं **भूमध्य सागर** को जोड़ने के साथ एशिया को अफ्रीका से अलग करती है। यह उत्तर में सईद पोर्ट तथा दक्षिण में स्वेज तक विस्तारित है।
  - यह **एशिया को अफ्रीकी महाद्वीप से अलग** करने के साथ यूरोप एवं हिंद महासागर तथा पश्चिमी प्रशांत महासागर के आसपास के क्षेत्रों के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग प्रदान करती है।
- **कील नहर:** यह **बाल्टिक सागर** को **उत्तरी सागर** से जोड़ती है। वर्ष 1895 में खोली गई 98 किलोमीटर लंबी कील नहर जहाज़ों को **डेनमार्क (जटलैंड प्रायद्वीप)** से होकर जाने वाले लंबे मार्ग को बायपास करने में मदद करती है।
- **कोरिंथ नहर:** ग्रीस की कोरिंथ नहर को **विश्व की सबसे संकरी नहर** माना जाता है। यह आयोनियन सागर की **कोरिंथियन खाड़ी** एवं एजियन सागर

की **सारोनिक खाड़ी** को जोड़ती है।

- **क्रा इस्थमस नहर (थाई नहर):** यह एक प्रस्तावित नहर है जो दक्षिणी थाईलैंड में क्रा इस्थमस (Kra Isthmus) के पार अंडमान सागर को थाईलैंड की खाड़ी से जोड़ेगी।
  - यह नहर **मलक्का जलडमरूमध्य** के विकल्प के रूप में **भारत और चीन के बीच लघु मार्ग** उपलब्ध कराएगी।
- **ग्रेट लेक्स सीवे नेविगेशन सिस्टम:** संयुक्त राज्य अमेरिका में पाँच **ग्रेट लेक्स**, उनके कनेक्टिंग चैनल और **सेंट लॉरेंस नदी (St. Lawrence River)** विश्व की सबसे लंबी नेविगेशन प्रणालियों में से एक है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न**

**प्रश्न.** जलमार्गों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर चर्चा कीजिये? वैश्विक व्यापार के सुचारू प्रवाह के लिये नहरें किस प्रकार अपरिहार्य हैं?

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किसके द्वारा भारत और पूर्वी एशिया के बीच नौ संचालन समय (नेविगेशन टाइम) और दूरी अत्यधिक कम किये जा सकते हैं? (2011)**

1. मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच मलक्का जलडमरूमध्य को अधिक गहरा बना कर।
2. सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच क्रा भू संधि जलडमरूमध्य के पार नई नहर खोल कर।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(c) केवल 2
(b) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

---

**?????**

**प्रश्न. जल प्रतिबल (वाटर स्ट्रेस) का क्या आशय है? भारत में यह किस प्रकार और किस कारण प्रादेशिकतः भिन्न-भिन्न है? (2019)**

**प्रश्न. "भारत में अपक्षयी (डिप्लीटिंग) भौम जल संसाधनों का आदर्श समाधान जल संरक्षण प्रणाली है"। शहरी क्षेत्रों में इसको किस प्रकार प्रभावी बनाया जा सकता है? (2018)**

**प्रश्न. भारत के सूखा प्रवण एंव अर्द्धशुष्क प्रदेशों में लघु जलसंभर विकास परियोजनाएँ किस प्रकार जल संरक्षण में सहायक हैं? (2014)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/climate-change-impact-on-panama-canal